मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-539
28/11/2025

# मुख्यमंत्री ने पी0एम0सी0एच0 स्थित आपातकालीन इकाई भवन का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा–निर्देश

पटना, 28 नवम्बर 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पटना चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल (पी0एम0सी0एच0) स्थित आपातकालीन इकाई भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने आपातकालीन इकाई में उपलब्ध करायी जाने वाली चिकित्सा संबंधी सुविधाओं एवं सेवाओं के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने आपातकालीन इकाई भवन के तीसरे तल का निरीक्षण किया। इस दौरान सामान्य औषधि वाह्य विभाग, दंत चिकित्सा वाह्य विभाग, स्त्री एवं प्रसूति वाह्य विभाग आदि का निरीक्षण कर मरीजों को उपलब्ध करायी जाने वाली चिकित्सकीय सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने छठे तल पर पहुंचकर मॉडयूलर ओ0टी0, गहन चिकित्सा इकाई, ऑक्सीजन पाइप लाइन सेवा, परामर्श कक्ष सहित अन्य उपलब्ध करायी जाने वाली चिकित्सकीय सुविधाओं एवं सेवाओं की अधिकारियों से जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने आपातकालीन इकाई भवन के सबसे ऊपरी तल पर जाकर एयर एम्बुलेंस लैंडिंग एरिया का निरीक्षण कर प्रगति कार्य की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि निर्माण कार्य में तेजी लाकर निर्धारित समय सीमा के अंदर कार्य पूर्ण करायें। निर्माण कार्य बेहतर ढंग से हो, इसका विशेष रूप से ख्याल रखें। सुरक्षा के दृष्टिकोण से एयर एम्बुलेंस लैंडिंग एरिया के चहारदीवारी की ऊँचाई पर्याप्त होनी चाहिये।

ज्ञातव्य है कि पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पटना का पुर्नविकास निर्माण कार्य का शिलान्यास मुख्यमंत्री द्वारा दिनांक 08.02.2021 को किया गया था। मुख्यमंत्री द्वारा दिनांक 27.02.2024 को कम्बाइंड अल्ट्रासाउंड एंड बायोकेमिकल स्क्रीनिंग (सी०यू०बी०), **Myosin Light Chain Phosphatase** (एम०एल०सी०पी०), नर्सेज एवं गर्ल्स हॉस्टल का उद्घाटन किया गया, साथ ही पावरग्रिड का शिलान्यास किया गया। उद्घाटन के पश्चात् सी०यू०बी० में द्वितीय तल पर बिहार राज्य रक्त अधिकोष का संचालन शुरू किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा दिनांक 03.05.2024 को नवनिर्मित भवन टावर–01–02 का उद्घाटन किया गया। इस नवनिर्मित भवन टावर–01–02 में बेसमेंट में 120 चार पहिया एवं दो पहिया वाहन का पार्किंग संचालित है। नवनिर्मित भवन टावर–01–02 में प्रथम तल पर सी०टी० स्कैन/एम०आर०आई०/अल्ट्रासाउन्ड एवं एक्स–रे जाँच की सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा इस तल पर ई०एन०टी० आई०पी०डी० भी संचालित है। नवनिर्मित भवन टावर–01–02 में द्वितीय एवं चतुर्थ तल पर औषधि आई०पी०डी०, चर्म तथा रति रोग आई०पी०डी० का संचालन किया जा रहा है। इस भवन के तृतीय तल पर पी०एस०एम०/औषधि/जेराट्रिक्स/शिशु/दन्त/स्त्री एवं प्रसूति रोग/चर्म एवं रति रोग/कार्डियोलॉजी/पी०एम०आर०/ई०एन०टी०/नेत्र वाह्य विभाग का संचालन किया जा रहा है। शीघ्र ही नवनिर्मित भवन टावर–01–02 के पाँचवे तल पर स्त्री एवं प्रसूति रोग, आई०पी०डी०, लेबर ओ०टी०, लेबर रूम एवं अकास्मिकी

विभाग तथा एन०आई०सी०यू० का संचालन किया जायेगा। इसके छठे तल पर आई०सी०यू० एवं 22 मॉडुलर ओ०टी० का संचालन किया जाना है। सातवें तल पर शिशु औषधि/स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग का फैक्लटी रूम संचालित है। आठवें तल पर अधीक्षक कार्यालय संचालित है। नौवें तल पर डिलक्स रूम, एवं सूइट रूम की व्यवस्था है तथा नवनिर्मित भवन टावर–01–02 के दसवे तल पर हेलीपेड की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जा रही है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, स्वास्थ्य विभाग के सचिव श्री लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह, स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव श्री हिमांशु शर्मा, बिहार मेडिकल सर्विसेज एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ0 नीलेश रामचन्द्र देवड़े, जिलाधिकारी डॉ0 त्यागराजन एस0एम0, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री कार्तिकेय के0 शर्मा पी0एम0सी0एच0 के अधीक्षक डॉ0 आई0एस0 ठाकुर सहित पी0एम0सी0एच0 के चिकित्सकगण एवं अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******